DAINIK JAGRAN, Delhi, 28.1.2018
Page No. 12, Size:(4.11)cms X (12.36)cms.

डीबीटी से 65 हजार करोड़ की बचत : नीति आयोग

नई दिल्ली: नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से विभिन्न सरकारी योजनाओं में 65,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। ऑन दि ट्रायल ऑफ दि ब्लैक नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाएं डीबीटी के दायरे में लाई जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो भ्रष्टाचार रोकना संभव नहीं होगा। इस समय डीबीटी से 300 स्कीमें जोड़ी जा चुकी हैं औ 41 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। कारोबारी सुगमता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने 1200 पुराने अप्रासंगिक कानूनों को खत्म किया है। इससे सरकारी औपचारिकताएं आसान हुई हैं।